हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 7 नवंबर 2025

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


**तापमान**

अधिकतम 22.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री


कलेक्टर ने लिया अधोसंरचना के विकास कार्यों का जायजा

4




## खबर संक्षेप

### क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जा रही

**जशपुरनगर।** वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त हुए सड़कों की मरम्मत के लिए लोक निर्माण विभाग संभाग पत्थलगांव अंतर्गत 330.00 लाख की निविदा स्वीकृत किया गया है। इसके अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बीटी पैच रिपेयर का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में माटीपहाड़-छर्रा मार्ग लंबाई 3.00 किमी तथा पकईटिकरा पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 किमी में बीटी पैच रिपेयर का कार्य प्रगतिरत है। दिसंबर 2025 तक शेष अन्य मार्गों के बी.टी. पैच रिपेयर कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।

### नई जगह पर ज्वाइन नहीं किया, पटवारी निलंबित

**राजपुर।** भारमुक्त किए जाने के बाद भी नवीन पदस्थापना स्थल पर ज्वाइनिंग नहीं देने वाले पटवारी के खिलाफ कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई की है। लापरवाही और स्वेच्छाचारिता के लिए कलेक्टर ने पटवारी पप्पू सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील राजपुर में पदस्थ पटवारी पप्पू सोनी 6 अक्टूबर के आदेश से तहसील सामरी में पदस्थ किया गया था। स्थानांतरण आदेश जारी होने के बाद 9 अक्टूबर को पटवारी पप्पू सोनी को राजपुर से विधिवत भारमुक्त भी कर दिया गया था। बावजूद इसके उन्होंने 4 नवम्बर तक अपने नवीन पदस्थ स्थान सामरी में कार्यभार ग्रहण नहीं किया। अधिकारियों ने इसे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की स्पष्ट अवहेलना माना है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि श्री सोनी का यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3(1), 3(2) एवं 3(3) का उल्लंघन है। अतः नियमों के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री सोनी का मुख्यालय तहसील कार्यालय कुसमी निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### शिक्षकीय कार्य में लापरवाही पर सहायक शिक्षक निलंबित

**वाड्रफनगर।** स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के मामले में लापरवाही करने वाले सहायक शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के बाद सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला धनजरा में पदस्थ सहायक शिक्षक सुनील कुमार पटेल के खिलाफ शिकायत की गई थी कि वे बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने के साथ ही कार्य में घोर लापरवाही बरत रहे है। शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ वाड्रफनगर को मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जांच प्रतिवेदन के अनुसार सुनील कुमार पटेल के विरूद्ध अधिरोपित आरोपों की पुष्टि हुई एवं संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर काफी कम होना पाया गया है। सुनील कुमार पटेल द्वारा पदीय दायित्व के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई है जिसके लिए सुनील कुमार पटेल का छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम- (1) (2) (3) के विपरीत होने से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 (क) के तहत जिला शिक्षा अधिकारी एमआर यादव द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री पटेल का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर में निर्धारित किया गया है।

### खेत में मिला क्षत-विक्षत शव, गांव में दहशत का माहौल

# हाथी ने फिर ली एक किसान की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना कुनकुरी क्षेत्र के ग्राम बोडराबांध गड़ाकटा में जंगली हाथी के हमले से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। दूसरे दिन सुबह खेत में क्षत-विक्षत शव मिला। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक जुनास बड़ा उम्र 63 वर्ष निवासी बोडराबांध गड़ाकटा, रोज की तरह 5 नवंबर की शाम करीब 5 बजे कुनकुरी में अपनी फैब्रिकेशन की दुकान से काम खत्म कर घर लौटा था। घर पर परिवार के साथ बैठकर बातें करने के दौरान उन्होंने कहा कि वह अपने खेत में धान की फसल देखने जा रहा है। परिवार वालों ने उन्हें रोकने की भरसक कोशिश की। उनकी पत्नी अलबिना बड़ा ने चेतावनी दी कि जंगल की ओर हाथियों का झुंड देखा गया है, लेकिन जुनास बड़ा नहीं माने। उन्होंने कहा कि गांव वालों से पूछकर ही खेत जाएंगे और अकेले ही खेत की ओर निकल पड़े। समय बीतता गया, लेकिन वे लौटे नहीं। रात में जब बेटे शिशिर बड़ा ने पिता को फोन लगाया तो मोबाइल बंद मिला। परिजन और ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की, पर रास्ते में हाथी दिख जाने के कारण सभी लोग वापस लौट आए।



#### गांव में मातम का माहौल

गांव में इस घटना के बाद मातम का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में हाथियों का आतंक बना हुआ है, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। मृतक के परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों के बढ़ते आतंक पर नियंत्रण और मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

#### हाथियों के पैरों के मिले निशान

अगली सुबह जब पुनः खोज के लिए निकले, तो गांव वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। खेत में जुनास बड़ा का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पड़ा था। आसपास हाथियों के पैरों के गहरे निशान मौजूद थे। सूचना मिलते ही थाना कुनकुरी पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग क्रमांक 80/2025, धारा 194 बीएनएस के तहत कार्यवाही शुरू की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर जांच प्रारंभ की और घटना की सूचना एसडीएम कुनकुरी को भेजी।

## जिले की अवैध धान मंडियों में खपाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी से पहले धान बिचौलिया जशपुर में सक्रिय हो गए हैं। झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर प्रशासनिक उदासीनता से अवैध धान की बड़ी खेप जशपुर पहुंची है।

■ 21 चेक पोस्ट बनाने के बाद भी जशपुर पहुंचा अवैध धान

झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर अवैध धान की तस्करी रोकने बनाए गए चेक पोस्ट और सीमा पर स्थित मंडी परिवहन और आबकारी विभाग के 3 बेरियर को आसानी से पार कर जशपुर पहुंचे अवैध धान को सिटी कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। जशपुर जिले में झारखंड से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा लगभग 25 हजार किलो (250 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया गया है। यह धान दो पिकअप वाहनों और एक ट्रक में लोड था। जिसे छत्तीसगढ़ की धान मंडियों में खपाने की तैयारी थी। पुलिस ने अब आगे की कार्रवाई खाद्य विभाग को सौंप दी है और खाद्य विभाग मामले की कार्रवाई में जुटा है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अब देखना होगा कि 21 चेक पोस्ट बनाकर अवैध धान की आवक रोकने के प्रयास के खोखले दावे करने वाले इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है।



#### मिलीभगत की आशंका

यह मामला इसलिए भी गंभीर हो जाता है क्योंकि जिला प्रशासन ने जिले में अवैध धान की आवक रोकने झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर 21 चेक पोस्ट बनाया है। इसके अलावा झारखंड-छत्तीसगढ़ बार्डर पर लोदाम में तीन-तीन बेरियर मौजूद है। जहां से बिना किसी जांच के तीन-तीन वाहनों का छत्तीसगढ़ की सीमा में प्रवेश कर जाना बड़ी मिलीभगत को दर्शाता है।

#### सफेद हाथी बने मंडी बेरियर

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद लोदाम में सफेद हाथी बन चुके मंडी बेरियर के अधिकारी कर्मचारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यह धान ऐसे समय में पकड़ा गया है जब छत्तीसगढ़ सरकार समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदने की तैयारी कर रही है। सीमावर्ती राज्यों से आने वाले अवैध धान के कारण प्रदेश के सरकारी खजाने को भी नुकसान होता है।



## सड़कों की खराब हालत पर कांग्रेस का हल्ला बोल

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव की ज्यादातर सड़कें खराब हालत में है। उन सड़कों की बदतर हालत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क सत्याग्रह कार्यक्रम के जरिए अपनी आवाज बुलंद की।

■ सड़क सत्याग्रह के जरिए की आवाज बुलंद

हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष से मिले आदेश में सड़कों की खराब हालत पर चिंता जताते हुए सभी कांग्रेस नेताओ को स्थानीय स्तर पर सड़क सत्याग्रह करने का निर्देश दिया गया था। जिस पर पत्थलगांव के कांग्रेसियों ने दोपहर को इंदिरा चौक से सड़क सत्याग्रह की शुरुआत की और पत्थलगांव से किलकिला की जर्जर हालत पर हल्ला बोला। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव मनोज तिवारी ने बताया कि उनकी पार्टी पत्थलगांव के सभी सड़कों को लेकर सड़क सत्याग्रह करेगी और ⏭ शेष पेज 4 पर

## 10 गौवंश को पुलिस ने कराया मुक्त

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी सोनक्यारी क्षेत्र के ग्राम गुल्लू में तस्करों के चंगुल से 10 नग गौवंशों को मुक्त कराया गया, जबकि एक पुराने प्रकरण में झारखंड से फरार आरोपी इमरोज अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

■ फरार तस्कर झारखंड से पकड़ाया

गौ तस्करों पर जशपुर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पुलिस के अनुसार चौकी सोनक्यारी को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति जंगल के रास्ते से पैदल गौवंशों को हांककर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और ग्राम गुल्लू के जंगल में घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, किंतु 10 गौवंशों को सकुशल बरामद कर लिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोमल सिंह नेताम, एएसआई टेकराम सारथी, आरक्षक बसंत खुटिया, रूबेन तिग्गा, चौकी प्रभारी एएसआई वैभव सिंह, प्रधान आरक्षक विशाल गुप्ता, आरक्षक विमल मिंज एवं नगर सैनिक शिव शंकर रवि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



#### न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

थाना तुमला क्षेत्र के वर्ष 2024 के गौ तस्करी प्रकरण में फरार आरोपी इमरोज अंसारी उम्र 27 वर्ष को पुलिस ने झारखंड के लोहरदगा से पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपी घटना के बाद से ही फरार था। पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर उसे हिरासत में लिया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में थाना तुमला पुलिस ने ग्राम बारो में एक टाटा छोटा हाथी क्रमांक जे एच 01 यू 9753 से तीन नग गौवंशों को बरामद किया था। उस समय आरोपी वाहन और पशुओं को छोड़करफरार हो गया था।

#### कार्रवाई निरंतर जारी

जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद गौ तस्करों के खिलाफ निरंतर जारी है। पुलिस जहां गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ा रही है, वहीं पुराने मामलों में फरार आरोपियों को भी ढूंढ-ढूंढकर गिरफ्तार किया जा रहा है।

**-एसएसपी शशि मोहन सिंह**, जशपुर जिला

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर राज्य में होगें विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार चरणों में ग्राम पंचायत, जनपद, जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इन चरणबद्ध कार्यक्रम के प्रथम चरण 7 से 14 नवंबर, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 7 से 15 अगस्त, 2026 (हर घर तिरंगा के साथ) एवं चतुर्थ चरण 1 से 7 नवंबर तक समापन सप्ताह के साथ संपन्न होगा।

■ पीएम करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ, दूरदर्शन से होगा प्रसारण

वंदे मातरम् के 150वीं वर्षगांठ पर आधारित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री द्वारा होगा। 7 नवंबर को प्रातः 10 से 11 बजे तक राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का संबोधन पश्चात वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा। तत्समय संपूर्ण राज्य में एक साथ वंदे मातरम का गायन किया जाना होगा। बन्दे मातरम् के बोल और चुन पोर्टल yandemataram150.in में उपलब्ध है। आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी भी उक्त पोर्टल में अपलोड किया जाना है। उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार दूरदर्शन, आकाशवाणी, सोशल मीडिया, पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो आदि माध्यम से किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल हो सके।

आयोजन में कराई जाएगी विभिन्न गतिविधियां 7 नवंबर को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य एवं स्थानीय अधिकारियों, प्रमुख हस्तियों, नागरिकों की उपस्थिति में व्यापक जनभागीदारी के साथ सभी जिलों में बड़े पैमाने पर ग्राम पंचायत से प्रदेश स्तर तक समस्त शासकीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य संस्थानों पर वंदे मातरम पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। क्षेत्र के प्रमुख गायकों द्वारा वंदे मातरम के विभिन्न रूपांतरण प्रस्तुत करने के लिए संगीत समारोह का आयोजन एवं वंदे मातरम पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई जानी है तथा राष्ट्रीय समारोह में स्मारक, डाक टिकट और सिक्के जारी करने की फिल्म प्रदर्शन एवं वंदे मातरम पर आधारित कवि सम्मेलन, चित्रकला, रंगोली एवं प्रदर्शनी लागाए जा सकते हैं। समस्त कार्यक्रमों की तस्वीरें और वीडियो वेबसाईट पर भी अपलोड किया जाना होगा। एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट की रहेगी भागीदारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुरूप राज्य क्षेत्र के सभी स्कूलों के बैंड द्वारा वंदे मातरम से संबंधित संगीतमय कार्यक्रम विद्यालय, महाविद्यालयों में एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट आदि की भागीदारी के साथ आयोजित किया जाना है। शैक्षणिक संस्थानो तथा विद्यालयों में वंदे मातरम को समर्पित विशेष सभाएं, निबंध प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद पोस्टर निर्माण गतिविधियां आयोजित किया जाना है। राज्य पुलिस बैंड सार्वजनिक स्थानों पर वंदे मातरम और देशभक्ति गीतों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे और इन कार्यक्रमों का कैलेंडर जारी किया जाना है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयोजित कार्यक्रमों में वंदे मातरम प्रसंग को शामिल कर मशाल रैली का आयोजन किया जाना है। वंदे मातरम ऑडियो बूथ सार्वजनिक, निजी भागीदारी के तहत प्रदेश में वंदे मातरम ऑडियो, वीडियो बूध स्थापित कर, वंदे मातरम गायन को रिकार्ड करके पोर्टल पर अपलोड करने की सुविधा है।

## उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी का मंत्री ने किया निरीक्षण

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर रणजीता स्टेडियम जशपुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।

■ ऑइल पाम के फल में दिखाई विशेष रुचि

निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक उद्यान करण सोनकर द्वारा जिले की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों की उद्यानिकी फसलों के अनुकूलता तथा जिले में उपलब्ध उद्यानिकी विकास की संभावनाओं से अवगत कराया गया। साथ ही विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने स्टाल में प्रदर्शित विभिन्न फल, सब्ज़ियां एवं उत्पादों का अवलोकन किया तथा ऑइल पाम के फल में विशेष रुचि व्यक्त की। उन्होंने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल मिशन ऑन एडेबल ऑइल-ऑइल पामश के अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यों की जानकारी भी ली और इसकी संभावनाओं की सराहना की। मंत्री ने किया बीज का वितरण

उद्यानिकी विभाग के स्टाल में स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत जिले के प्रगतिशील कृषक अशोक राम, दिलीप, रामलाल सहित कुल 10 कृषकों को ग्राफ्टेड टमाटर, बैंगन पौधे तथा धनिया बीज का वितरण किया। उद्यानिकी विभाग द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी जिले में हो रही आधुनिक उद्यानिकी गतिविधियों, नवीन तकनीकों और फसलों की विविधता का सजीव परिचय प्रस्तुत की। जिसने आगंतुकों एवं कृषकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।



#### मत्स्य विभाग के हितग्राहियों को सामग्री वितरित

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मत्स्य पालन विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया और विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरित की। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों ने मंत्री श्री जायसवाल को मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित आजीविकामूलक गतिविधियों और उनके माध्यम से लाभान्वित हो रहे ग्रामीणों की जानकारी दी। मंत्री ने ग्राम झरगांव, जशपुर निवासी दिनेश राम, ग्राम बालाछापर जशपुर निवासी सायसागर राम भगत एवं ग्राम चापाटोली दुलदुला निवासी सुनील राम को एक-एक नग जाल, खूटीटोली, कुनकुरी निवासी मकसूद खान को 1 नग जाल, 1 नग आईस बॉक्स, ग्राम कमतरा, कुनकुरी के युवा मछुआ सहकारी समिति कमतरा के अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं ग्राम आस्ता मनोरा निवासी किसान कल्याण मछुआ सहकारी समिति के अध्यक्ष विपिन टोप्पो को 2-2 नग जाल और आईस बॉक्स प्रदान किया गया है।

### ऑटोडील दुकान का ताला तोड़कर नकदी और बाइक की चोरी

**अंबिकापुर।** शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। बीती रात भी चोरों ने शहर के ब्रम्ह रोड में एक ऑटो डील दुकान में बाइक व नगदी की चोरी की है। बताया जा रहा है कि शहर के ब्रम्ह रोड में सरफराज अहमद की ताहिर ऑटो डील के नाम से पुरानी बाइक की दुकान है। मंगलवार को सरफराज की दुकान बंद थी। बुधवार की सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे में कुछ चोर कैद हुए है। चोर लगभग 1.40 बजे दुकान में पहुंचे और ताला तोड़कर अंदर घुसे। लगभग एक घंटे तक चोर आस पास घुमते रहे और एक बाइक के साथ ही 70 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए। बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र में चोरी का यह पहला मामला नहीं है।

### जशपुर जम्बूरी 2025 का चार दिवसीय आयोजन शुरू

# पर्यटकों का चंदन, रोली लगाकर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले में 6 से 9 नवंबर तक 'जशपुर जम्बूरी 2025' का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में जिले के युवाओं के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों और अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटक भी शामिल हुए हैं।

पहले दिन जशपुर जम्बुरी में आने वाले मेहमानों का पंजीयन किया गया। पारंपरिक और आत्मीयता से मेहमानों को चंदन टिका रोली बांधकर स्वागत किया गया। चार दिवसीय 'जशपुर जम्बूरी' में प्रतिभागियों को रोमांच, कला और संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। पहले दिन पंजीयन एवं स्वागत सत्र के बाद आइस-ब्रेकर गेम्स और रचनात्मक आर्ट वर्कशॉप आयोजित किया गया। दोपहर में रॉक क्लाइम्बिंग, ज़िपलाइन, जुमरिंग और रैपलिंग जैसी एडवेंचर गतिविधियां हुई, जबकि शाम को कल्चरल एंड फन इवनिंग तथा रात में स्टारगेज़िंग सेशन आयोजित किया गया।





**प्रतिभागी दो समूहों में होंगे विभक्त** दूसरे और तीसरे दिन प्रतिभागियों को दो समूहों देशदेखा और मयाली में विभाजित किया जाएगा। मयाली समूह कायाकिंग, पैरामोटर, एटीवी, पेंटबॉल, हॉट एयर बलून जैसी वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों का आनंद लेगा। वहीं देशदेखा समूह रानीदाह जलप्रपात, सारुडीह चाय बागान और संग्रहालय का भ्रमण करेगा। शाम को सरना एथनिक रिजॉर्ट में सांस्कृतिक एवं संगीत संध्या का आयोजन होगा। अंतिम दिन 9 नवंबर को एडवेंचर और आर्ट रोटेशन का फाइनल राउंड तथा क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन होगा। दोपहर में समूह फोटो, फीडबैक सेशन और प्रतिभागियों की विदाई के साथ इस वर्ष का 'जशपुर जम्बूरी'संपन्न होगा।

## किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक किया जाना है। शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी अवधि तक जिले में अन्य राज्यों से अवैध धान के आवक को रोकने हेतु 21 चेक पोस्ट बानए गए हैं। इन चेक पोस्ट में विपतपुर, मकरीबंधा, कस्तुरा, करडेगा, सपघरा, बगुरकेला, सुण्डरू, सुखरापारा, लवाकेरा, गढवामुण्डा, माटीपहाड़ छर्रा, बनखेता, तालड़ा, पेरवाआरा, नामनी चौक, सागजोर, पीड़ी, साईटांगरटोली, डड़गांव (चौकी मनोरा), भलमण्डा, सकरडेगा शामिल है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार 21 चेक पोस्ट पर निगरानी हेतु 3 पालियो में अधिकारी-कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

■ अवैध धान परिवहन होने पर नियंत्रण कक्ष, टोल फ्री नंबर पर दें सूचना

प्रत्येक चेक पोस्ट में 1 आरक्षक एवं 1 नगर सेना की भी डयूटी लगाई गई है। चेक पोस्ट से बिना अनुमति के धान लाते पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा नियंत्रण कक्ष के नंबर 9244011192 या टोल फ्री नम्बर 18002333663 में इसकी सूचना दी जाएगी। किसी अधिकारी-कर्मचारी के स्थानांतरण होने के स्थिति में उनके स्थान पर पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी द्वारा उक्त डयूटी का संपादन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता पूर्ण करे सड़क मरम्मत का कार्य : कलेक्टर



**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,पीएम आवास, स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण, घुमंतू मवेशियों के प्रबंधन, प्रधानमंत्री सूर्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार जैसे विषयों पर चर्चा की। सड़क मरम्मत कार्य को लेकर बैठक मे पीडब्ल्यूडी अभियंता व अन्य निर्माण एजेंसी के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के साथ व गुणवत्ता पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व में ही सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि माप-तौल, परिवहन, भुगतान भंडारण और बारदाना व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित होनी चाहिए। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय और छायादार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सभी एसडीएम व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में हुआ न्योता भोज

**वाड्रफनगर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती निशि तिर्की ने 4 नवम्बर को अपने जन्मदिवस पर बच्चों व स्टॉफ को



न्योता भोज दिया। न्योता भोज में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के 315 छात्र-छात्राओं सहित हाई और हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थी एवं स्टॉफ शामिल हुए। इस दौरान मध्यान्ह भोजन के साथ ही श्रीमती तिर्की द्वारा अतिरिक्त पूरी और सब्जी उपलब्ध कराई गई। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भोज का आनंद लिया।

### खडगवा कला माझापारा में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**प्रतापपुर।** खडगवा कला माझापारा में हीरो क्लब टूर्नामेंट फुटबॉल मैच का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मैच मानपुर और खडगवा कला के बीच खेला गया। शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष विद्यासागर आयाम मुख्य अतिथि एवं सुरेश चक्रधारी बीडीसी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्या सिंह ने कहां खेल के प्रति हर किसी को गंभीर होना चाहिए। पहले के जमाने से अब तक लोग विभिन्न प्रकार के खेल के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखते हैं। खेल से अपने गांव के नाम सहित जिले का नाम भी रोशन होता है और एक खिलाड़ियों की अलग पहचान बनती है। खेल से मानसिक विकार दूर होते हैं और शरीर स्वस्थ रहता है। सरपंच अजय सिंह सभी टीमों को बेतरह खेल प्रदर्शन करने की बात कही।

### दो कर्मचारियों के घर से 500 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** प्रशासन की सख्ती का असर कोचियों पर नहीं पड़ रहा है। प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार छापामार कार्रवाई कर कोचियों द्वारा संग्रहित धान को जब्त कर रही है इसके बावजूद कोचिए लगातार यूपी एवं झारखण्ड से धान मंगा रहे हैं। क्षेत्र के किसान भी कोचियों की जमकर मदद कर रहे हैं। राजस्व एवं मंडी समिति की संयुक्त टीम ने रामानुजगंज तहसील अंतर्गत ग्राम कुंदरू एवं मेधुली में कोचियों के दो ठिकानों पर छापामार कार्रवाई के तहत 500 बोरी अवैध धान जब्त करने में सफलता पाई है। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम कुदरू निवासी रमाशंकर यादव के घर की जांच की तो घर के एक कमरे में 200 बोरी अवैध धान मिला। इसी तरह ग्राम मेधुली निवासी आलोक के घर से टीम ने 300 बोरी अवैध धान को जब्त किया है। दोनों कोचियों के विरूद्ध मंडी अधिनियम की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व मंगलवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्राम चेरा निवासी बैजनाथ यादव के घर से 43 बोरी अवैध धान जब्त किया था। यूपी एवं झारखण्ड से कम दर में धान उपलब्ध होने के कारण कोचिए जंगल के रास्ते लगातार बाहर का धान मंगा रहे हैं।

## पुल पर कई जगह हो गए गड्ढे, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# महान नदी पुल जर्जर, एक्सपायरी स्थिति में पुल पर हो रहा आवागमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

भैसामुडा स्थित हाईवे पर बने महानदी पुल की स्थिति इन दिनों बेहद खतरनाक हो गई है। वर्षों से जर्जर हालत में पड़ा यह पुल अब किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। पुल के दोनों ओर और बीचों बीच बने गहरे गड्ढे न केवल यातायात के लिए खतरनाक हो गए है, बल्कि अब यह लोगों के धैर्य की भी परीक्षा लेने लगे हैं। पुल की जर्जर सड़क की मरम्मत नही करने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।

**खास बातें**
- अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है पुल
- कगड्ढे और पुल की दरार से हर सप्ताह होती है दुर्घटनाएं

महान नदी पर बना यह पुल अंबिकापुर से वाराणसी को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित है, जिस पर दिन-रात बड़ी संख्या में वाहनों का निरंतर आवागमन बना रहता है। लगातार भारी दबाव और विभागीय लापरवाही के कारण पुल की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढों और पुल की दरारों के चलते लगभग हर सप्ताह दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कई लोग तो अपनी जान गंवा चुके हैं,जबकि दर्जनों घायल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की और जनप्रतिनिधियों तक भी बात पहुंचाई गई है लेकिन इसके बाद भी विभाग इस ओर ध्यान मुनासिब नहीं समझते जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार औपचारिक मरम्मत के नाम पर मुरुम या गिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है। कुछ दिनों तक सड़क समतल दिखाई देती है, फिर वही गड्ढे और दरारें उभर आती हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद पुल पर गड्ढे व दरारे उभर आए है जो राहगीरों के लिए काफी खतरनाक है। दिन के समय वाहन सवार गड्ढों से बच कर निकल जाते है लेकिन रात के समय राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



जर्जर महान पुल व सड़क।

### अंतरराज्यीय संपर्क के लिए पुल महत्वपूर्ण

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह मार्ग न केवल सूरजपुर व प्रतापपुर के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। ऐसे में इस पुल का जर्जर होना न केवल क्षेत्रीय यातायात बल्कि राज्य के अंतरराज्यीय संपर्क के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐस में समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से अंतर्राज्यीय संपर्क टूट सकता है।

### करते है औपचारिकता पूरी

क्षेत्र के लोगों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द पुल एवं सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल के किनारे बने गहरे गड्ढों को भरने की जगह, विभाग ने केवल गिट्टी डालकर औपचारिकता पूरी कर दी है। इसके अलावा सड़क पर बने गड्ढों में गिट्टी डालकर छोड़ दिया जाता है जिससे गिट्टी कुछ समय बाद सड़क पर फैल जाती है, जिससे बाइक और छोटे वाहन सवार दुर्घटना का शिकार हो जाते है। पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

### अधिकारियों से करती हूं चर्चा

महान नदी पुल एवं सड़क के जर्जर हो जाने के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से चर्चा की जाएगी। साथ गड्ढों की सुधार एवं पेच रिपेयरिंग करने की बात करती हूं।
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल : रामसेवक पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ न केवल धान का कटोरा है बल्कि संस्कृति का खजाना है। राज्योत्सव केवल एक उत्सव नही बल्कि यह हमारी पहचान है, हमारी परंपरा और हमारी लोक संस्कृति का सम्मान है। उक्त बातें जिला स्तरीय राज्योत्सव समापन कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री व छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कही।

- 25 वर्षों की विकास यात्रा में हासिल हुई कई उपलब्धियां

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का रजत जयंती वर्ष, प्रदेश की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की नई गाथा लिखी है। राज्योत्सव हमारे जीवन से जुड़ी उस माटी, मेहनत और संस्कृति का उत्सव है, जिसने छत्तीसगढ़ को विशिष्ट बनाया है। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कला और संस्कृति के संरक्षण से हमारी पहचान और मजबूत हुई है। रामसेवक पैकरा ने कहा कि राज्योत्सव हमें अपने अतीत पर गर्व और भविष्य के लिए प्रेरणा देता है। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भूलन सिंह मरावी किया गया। राज्योत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में लुफ्त उठाने के लिए नगरवासी बड़ी तदाद में कार्यक्रम स्थल पर पंहुचें थे। कार्यक्रम के आकर्षण स्थानीय कलाकार रहे, जिन्होंने अपने मनमोहक प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। सुआ नृत्य, कर्मा नृत्य के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, शैलेश अग्रवाल, राजेश महलवाला शशिकांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, संत सिंह, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर , एसडीएम शिवानी जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत पोड़ी में पिछले एक माह से इंटरनेट सुविधा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में इंटरनेट सुविधा बुरी तरह से ठप हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। मोबाइल टावर के काम नहीं करने से अब टॉबर मात्र शो पीस बन कर रह गई है। मोबाइल उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से एक कम्पनी द्वारा लगाया गया मोबाइल टावर लगाया गया है जो एक महीना से लगातार खराब है जिस कारण शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे है वहीं मोबाइल धारकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- शासकीय कार्य हो रहा प्रभावित

ग्राम पंचायत पोड़ी में लगभग तीन साल पूर्व मोबाइल धारकों सहित क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक कंपनी द्वारा मोबाइल टावर लगाया गया है जो देखरेख के अभाव में पिछले एक माह से खराब पड़ा है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत करने के बाद भी कंपनी द्वारा आजतक मरम्मत करने की पहल भी शुरू नहीं किया है जिससे मोबाइल धारक लोग काफी परेशान हैं। वहीं शासन का डिजिटल इंडिया का सपना भी गांव में अधर में दिखाई पड़ रही है। नेटवर्क नहीं होने के कारण गांव के सभी ऑनलाइन शासकीय कार्य भी बंद है। टॉवर की अपनी सर्कल के अंदर कोई दूसरा टावर नहीं बता रहा है इधर मोबाईल धारक टावर चालू होने की कयास लगाकर बैठे हुए है क्योंकि उनकी डेटा का पैसा बिना उपयोग किए व्यर्थ में कटते जा रहा है जिसके लिए ग्रामीणों ने सरपंच से मुलाकात कर टावर को जल्द बनवाने की मांग किया है। इस संबंध में कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि टावर का चीफ तकनीकी समस्या के कारण खराब हो



गया है जिसका समान आ चुका है एक दिन बाद चालू हो जाएगा।

### केवाईसी में आ रही दिक्कत

आज के दौरान में मनरेगा सहित पीडीएस दुकान के अलावा अधिकांश शासकीय कार्य ऑनलाइन होती है। ऐसे में इंटरनेट सुविधा ठप हो जाने से शासकीय कार्य भी प्रभावित हो रहे है। मोबाइल टावर में आई तकनीकी खराबी के कारण मोबाइल उपभोक्ता तो परेशान है ही साथ में शासकीय कार्य जैसे मनरेगा मजदूरों का केवाईसी, पीडीएस दुकान में हितग्राहियों का केवाईसी सहित कई प्रकार के शासकीय कार्य प्रभावित हो गया है जो जिला प्रशासन के समय अनुरूप पूरा नहीं हो पा रहा है।

## पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर महिला की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पुलिया के नीचे ऑटो गिरने से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। घटना के दौरान एक महिला की पहले ही मौके पर ही मौत हो गई थी। ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। मामले में पलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोरिया झरनापारा निवासी वीर कुमार पति स्व. जय सिंह (47 वर्ष) 3 नवम्बर को अन्य महिलाओं के साथ प्रताप राजवाडे के ऑटो क्रमांक सीजी 16 सीजे 1007 से ग्राम बसकर दसगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। शात को सभी ऑटो से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही चालक प्रताप राजवाड़े नकटापारा पुलिया के समीप पहुंचा तभी आटो से नियंत्रण खो बैठा जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया। दुर्घटना में ऑटो सवार फूलकंवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वीर कुमार, हीरा कुमारी, मानमती, सोनी एवं अन्य महिलाएं घायल हो गई। बताया जा रहा है कि ऑटो में 12 से 15 महिलाएं सवार थी। घायलों को पटना अस्पताल से बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वीर कुमार की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत लापरवाही पड़ सकती है भारी : एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



यातायात जागरूकता और यातायात नियमों का पालन समय की जरूरत है क्योंकि लापरवाही के कारण एक्सीडेंट होते है और लोगों की असमायिक मृत्यु हो जाती है। यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले के सभी थाना-चौकी व यातायात प्रभारी 1 से 15 नवम्बर तक यातायात जागरुकता अभियान चला रहे है जिसमें यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियमों का उल्लघंन करने वाले चालकों को जीवन में यातायात नियम के क्या मायने है उसकी जानकारी देते हुए सीट बेल्ट लगाने एवं बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मंगलवार को पुलिस अधिकारियों ने कई स्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस ने स्कूली बच्चों, साइकिल, बस, ट्रक, ऑटो/टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन कर्मचारी और दैनिक यात्रियों को नियमों के पालन और अनुशासित सड़क उपयोग के महत्व की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों को बिना हेलमेट के वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि यातायात नियमों का पालन हेतु नागरिकों को जागरूक करने हेतु हेलमेट पहने लोगों से औरों के लिए हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन कराई जा रही है। अभियान के दौरान आम जनता का भरपूर सहयोग भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मकसद लोगों को सड़क अनुशासन और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना है। पुलिस अभियान के दौरान सीधे लोगों से बातचीत कर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बता रही है। यह अभियान आगे भी नियमित जारी रहेगा ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## ग्रैंड फिनाले में सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अनोखी सोच संस्था द्वारा आयोजित डांस प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले के स्टेज पर डांस की वर्षा हुई। ग्रैंड फिनाले में सभी ने अपनी-अपनी जबरदस्त प्रस्तुति देते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- बिलासपुर की राइज़ वन ग्रुप टीम बनी विजेता
- एकल डांस प्रतियोगिता के जूनियर में सूर्यांश दास व सीनियर में दिग्विजय सिंह ने मारी बाजी

रंग, रोशनी और ताल से सजे इस फिनाले में सीनियर, जूनियर और ग्रुप डांस कैटेगरी के कुल 24 फाइनलिस्ट ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा ग्रुप डांस राउंड, जिसमें बिलासपुर की राइज़ वन डांस ग्रुप ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान हासिल किया और 2 लाखा 51 हजार की इनामी राशि अपने नाम की। दूसरे स्थान पर रायगढ़ की जय माँ दुर्गा टीम रही, जिन्हें 75 हजार रुपए का पुरस्कार मिला, जबकि तीसरा स्थान झारखंड के लोहरदगा की आरआरडी ग्रुप ने प्राप्त किया, उन्हें 51 हजार रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। वहीं सीनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान दिग्विजय सिंह (वाराणसी) 1 लाख रुपए, द्वितीय स्थान धीरज थापा (मुंबई) 51 हजार , एवं तृतीय स्थान सिद्धार्थ यादव ( अंबिकापुर ) 21 हजार रुपए की राशि जीता। जूनियर सिंगल डांस श्रेणी में प्रथम स्थान सूर्यांश दास, द्वितीय स्थान सिमरन सोनी एवं तृतीय स्थान आरुषि यादव (बिलासपुर) रही। फिनाले के दौरान दुर्गा पूजन के अवसर पर आयोजित रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। सभी विजेताओं को नगद राशि और आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत किया गया, फाइनल में जगह बनाने वाले शेष सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सांत्वना पुरस्कार और नकद राशि भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, शफ़ी अहमद, अनिल सिंह मेजर, संजय अम्बष्ट, विनोद अग्रवाल, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, विनोद हर्ष, निश्चल प्रताप सिंह, जन्मेजय मिश्रा, विद्यानंद मिश्रा, वीरेंद्र चौरसिया, राजेश मलिक, विनय शर्मा, सरोज साहू, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, नवीन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नितिन बंसल, अमित गोयल, रवि अग्रवाल, संजु अग्रवाल, लवी अग्रवाल, गुरप्रीत सिंह भाटिया, श्रीमती ममता तिवारी, शशिकांत जायसवाल, रविकांत उरांव, विकास सोनी, श्रीमती नीलम राजवाड़े एवं श्रीमती प्रियंका चौबे अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

निर्णायक मंडल में श्रीमती प्राची जिंदल, रमेश द्विवेदी, मो. शिफ़ते हसन, अंजनी कुमार पांडेय, डॉ शलभ गुप्ता, रणविजय प्रताप सिंह, सुश्री रिमशा श्रीवास्तव, श्रीमती पूजा सिंह, श्रीमती वंदना दत्ता, श्रीमती श्वेता सिन्हा, डॉ. शबनम ख़ानम, विनायक पांडेय एवं श्रीमती रमिंदर कौर शामिल थे। ग्रैंड फिनाले का माहौल उत्साह और जोश से भरपूर रहा। मंच की रंगीन सजावट, संगीत की गूंज और दर्शकों की तालियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के साथ-साथ विदेशी प्रतिभागियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, लालजी साहू सहित संस्था के सभी कर्मठ सदस्यों की भूमिका रही।




अतिथियों के साथ विजेता टीम के सदस्य।

### अनोखी सोच नेशनल डांस स्पर्धा में शिवनन्दनपुर की सिमरन ने हासिल किया दूसरा स्थान

**बिश्रामपुर।** नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के तलवापारा निवासी 9 वर्षीय सिमरन सोनी ने अनोखी सोच के नेशनल डांस स्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है,गौरतलब है कि सिमरन सोनी नगर के राजकुमार पब्लिक स्कूल में कक्षा 5 वीं की छात्रा हैं,जिसने हाल ही में



अंबिकापुर में आयोजित अनोखी सोच द्वारा आयोजित नेशनल लेवल डांस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है,उक्त स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए लगभग 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया,जिनमें से सुरजपुर जिले से केवल सिमरन सोनी ही चयनित हुई,बिना किसी प्रोफेशनल ट्रेनिंग या कोरियोग्राफर की मदद के सिमरन ने अपनी मेहनत, लगन और नृत्य के प्रति जुनून के दम पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है,सिमरन के पिता रंजीत सोनी और माता नीतू सोनी ने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद वे अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने जिलेवासियों और प्रशासन से आह्वान किया है कि वे सिमरन को प्रोत्साहन व सहयोग दें ताकि यह नन्ही प्रतिभा आगे चलकर सूरजपुर जिले के अलावा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय मंचों पर भी रोशन कर सके।



# अरबाज की हॉरर फिल्म काल त्रिघोरी का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** इन दिनों दर्शक हॉरर फिल्मों को पसंद कर रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'थामा' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। ऐसे में जल्द ही सिनेमाघरों में हॉरर फिल्म 'काल त्रिघोरी' रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है, जो काफी दमदार और डरावना है। ट्रेलर में अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनय करते नजर आए हैं। ट्रेलर में डरावनी आवाज सुनाई देती है, गुड़िया, हवेली और काली बिल्ली के दृश्य दिखाई देते हैं। ट्रेलर में कलाकार एक- दूसरे से इस बात पर बहस करते हैं कि आत्माएं होती हैं या नहीं।

लाइफ Style



# खुशी

## श्रीदेवी की फिल्म मॉम के सीक्वल में काम कर रहीं

खुशी कपूर के 25वें बर्थडे के मौके पर उनकी अपकमिंग फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हो रही हैं। कहा जा रहा है कि खुशी 'मॉम 2' की शूटिंग कर रही हैं। इस साल मार्च में बोनी कपूर ने खुलासा किया था कि वह खुशी कपूर को लेकर एक नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, जो 2017 की फिल्म 'मॉम'का सीक्वल हो सकता है। हालांकि, तब इसके नाम का अनाउंसमेंट नहीं हुआ था।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'मॉम' में दिवंगत श्रीदेवी ने लीड रोल निभाया था। हाल ही में अनाउंस हुआ कि इस फिल्म का नाम 'मॉम 2' रखा गया है। खुशी कपूर के बर्थडे के मौके पर 'मॉम 2' के सेट से तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायर हो रही हैं। 'मॉम 2' की शूटिंग दिवाली के बाद, 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई. लगभग 10-11 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। खुशी कपूर एक खास रोल निभा रही हैं और उनके साथ करिश्मा तन्ना भी हैं।'मॉम'का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया था। हालांकि, सीक्वल का निर्देशन गिरीश कोहली कर रहे हैं। गिरीश पहले फिल्म के स्टोरी राइटर्स में से एक थे। उन्होंने इसकी स्क्रिप्ट और डायलॉग भी अकेले ही लिखे थे। बोनी को लगा कि गिरीश इस सीक्वल के साथ न्याय करेंगे क्योंकि वह इस फिल्म को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई। बता दें, गिरीश कोहली ने इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई सोहम शाह अभिनीत 'क्रेजिक्स' को डायरेक्टर कर अपनी काबिलियत साबित की है। बोनी 'मॉम 2' की अनाउंसमेंट अपने जन्मदिन, 11 नवंबर को भव्य तरीके से करने की योजना बना रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला




# हॉरर मिनी सीरीज है इट वेलकम...

**लॉस एंजिल्स।** हैलोवीन 2025 में एक नई डरावनी सीरीज 'इट - वेलकम टू डेरी' आई है। यह सीरीज़ पेनिवाइज की कहानी की शुरुआत दिखाएगी। इटः वेलकम टू डेरी एक रोमांचक हॉरर मिनी-सीरीज है, जो स्टीफन किंग के प्रसिद्ध उपन्यास 'इट' पर आधारित है। डायरेक्टर एंडी मुशिएत्ती ने इसे बनाया, जो पहले 'इट' फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। यह सीरीज डेरी शहर के अंधेरे इतिहास को खोलती है, जहां पेनिवाइज नामक भयानक क्लाउन का आतंक फैलता है।



# बॉलीवुड से है जोहरान ममदानी का कनेक्शन

**लॉस एंजिल्स।** जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क शहर के नए मेयर बने हैं। ऐसा करने वाले वह सबसे कम उम्र के शख्स हैं। साथ ही पहले मुस्लिम हैं, जो न्यूयॉर्क के मेयर बने हैं। वह इंडियन अमेरिकन फिल्ममेकर मीरा नायर के बेटे हैं। मीरा अपने बेटे की उपलब्धि से काफी खुश हैं। मीरा नायर ने साल 1977 में फोटोग्राफर मिच एपस्टिन से शादी, लेकिन 1991 से पहले इनका तलाक हो गया। आगे चलकर मीरा की मुलाकात पॉलिटिकल साइंटिस्ट महमूद ममदानी से हुई। फिल्ममेकर अपनी एक फिल्म 'मिसिसिपी मसाला' की रिसर्च के लिए युगांडा गई थीं, यहीं पर उनकी मुलाकात महमूद ममदानी से हुई। दोनों ने साल 1991 में शादी की। मीरा और महमूद ममदानी को एक बेटा हुआ, जिनका नाम जोहरान ममदानी है।



# गुस्ताख इश्क को मिली नई रिलीज डेट

**मुंबई।** भारत के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखने जा रहे हैं। वह फिल्म 'गुस्ताख इश्क' से प्रोडक्शन में डेब्यू कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इस फिल्म में विजय वर्मा और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'गुस्ताख इश्क' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान कर दिया है। विजय वर्मा की अदाकारी वाली यह फिल्म अब 28 नवंबर को रिलीज होगी। पहले यह 21 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मनीष मल्होत्रा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। पोस्ट में लिखा है 'अपने कैलेंडर में इस तारीख को नोट कर लें। आप लोगों के लिए इश्क को नई रिलीज डेट मिली है।



# वेलकम टू द जंगल में अक्षय-दिशा

**मुंबई।** अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर 'वेलकम 3' का एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें दिशा पाटनी उनके साथ दिख रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' की इस झलक के साथ अक्षय ने लिखा, 'हमारे दिल से आपके दिल तक। 18 साल बाद भी यह फिल्म खास है। पुरानी यादों के साथ, मैं और दिशा आपके लिए लाए हैं 'वेलकम टू द जंगल'। हमारी क्वीन कटरीना को कभी नहीं भूलेंगे।' वीडियो के आखिर में अक्षय कहते हैं, 'कटरीना, हमें तुम्हारी याद आ रही है।' अक्षय के अलावा फैंस भी कटरीना को इस फिल्म में मिस कर रहे हैं और कुछ फैंस दिशा को पसंद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग नवंबर से फिर से शुरू होगी और यह फिल्म मार्च या अप्रैल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3: कृष्णा ने ईशा से खुद को बचाने की लगाई गुहार

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3', 22 नवंबर से कलर्स टीवी और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित किया जाएगा। हर शनिवार और रविवार रात 9 बजे इसे आप देख सकेंगे, जिसमें अली गोनी, जन्नत जुबेर, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल, एल्विश यादव, अभिषेक कुमार, करण कुंद्रा, विवियन डीसेना, तेजस्वी प्रकाश, देबिना बनर्जी और गुरमीत चौधरी दिखाई देंगे। लेटेस्ट प्रोमो में शेफ हरपाल फ्रेंच प्रेस के बारे में पूछते हैं तो ईशा कहती हैं कि वह जिस औजार का नाम ले रहे हैं, वो यहां है ही नहीं। फिर कृष्णा उन्हें 'ज और ज़' में अंतर सिखाते हैं और अंत में हार मान लेते हैं। कहते हैं, 'मैं आइंदा से आपसे कुछ नहीं बोलूंगा।' ईशा फिर कृष्णा से कहती हैं कि वह उनसे ऐसे क्यों बात कर रहे हैं, उन्होंने उनको प्याज दिए थे। तो कृष्णा कहते हैं, 'मेरे को कोई तो बचाओ।' इसके बाद अभिषेक आते हैं और एक्ट्रेस के मुंह पर टेप लगा देते हैं और कहते हैं, 'चुप।' और वह खड़ी रहती हैं। कुछ रिएक्ट नहीं करतीं। मुस्कुराती रह जाती हैं। हालांकि लोगों को ईशा की कॉमेडी पसंद नहीं आई। लोगों ने ओवरएक्टिंग कहा। और शो में नए एक्टर्स को जोड़ने पर सवाल खड़े किए कि मेकर्स ने ऐसा क्यों किया। एक्टर अभिषेक कुमार और ईशा मालवीय का ब्रेकअप हुए अरसा बीत गया है। दोनों को 'बिग बॉस 17' में साथ देखा गया था। जहां इनके बीच चीजें काफी खराब हो गई थीं।

## गौरव मलते रहे हाथ, अमल बने दोबारा कैप्टन

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस तक' के मुताबिक, घर में कैप्टेंसी टास्क हुआ। जिसमें म्यूजिकल चेयर के दौरान घरवालों को स्क्वेयर ब्लॉक पर चलना था। नियम ये था कि जैसे ही म्यूजिक बंद होगा, उस दौरान अगर एक ही ब्लॉक पर दो कंटेस्टेंट होंगे तो वह दोनों ही इस रेस से आउट हो जाएंगे। अब जब टास्क हुआ तो पांच राउंड में इसे पूरा किया गया। पहले राउंड में शहबाज और तान्या मित्तल आउट हुए तो बिग बॉस ने शहनाज गिल के भाई को टास्क का संचालक बना दिया। इसके बाद दूसरे राउंड में फरहाना और मृदुल एक ही ब्लॉक पर रहे तो वो टास्क से बाहर हो गए। इस दौरान दोनों में बड़ा झगड़ा भी हुआ। दोनों अपना-अपना प्वॉइंट प्रूफ करते हैं। फिर तीसरे राउंड में अभिषेक बजाज और नीलम के साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्हें भी कैप्टेंसी टास्क से हाथ धोना पड़ा। चौथे राउंड में गौरव खन्ना और मालती आउट हुए और पांचवें राउंड में कुनिका सदानंद और अशनूर कौर बाहर हो गए। कुल मिलाकर जिसने ये टास्क जीता, वह रहे अमल मलिक। वह अब इस घर के नए कैप्टन बन गए हैं और सीजन के इकलौते सदस्य हैं, जो दोबारा इम्यून हुए हैं।




# राजा शिवाजी में सलमान बनेंगे वीर योद्धा जीवा महाला, संजय से होगा भीषण युद्ध



**मुंबई।** सलमान खान के सुपरफैंस जहां उनकी बॉलीवुड फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के लिए बेताब हैं, वहीं, भाईजान के मराठी दीवानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। खबर है कि रितेश देशमुख के डायरेक्शन में बन रही ऐतिहासिक महाकाव्य फिल्म 'राजा शिवाजी' में सलमान खान नजर आने वाले हैं। वह इसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे भरोसेमंदर सहयोगी, बेहद साहसी और वफादार, जीवा महाला का किरदार निभाने वाले हैं। यही नहीं, यह फिल्म फैंस के डबल धमाका होगी, क्योंकि इसमें सलमान के साथ संजय दत्त भी होंगे, जो अफजल खान का रोल प्ले करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इसी शुक्रवार 7 नवंबर को 'राजा शिवाजी' में अपने हिस्से की शूटिंग करेंगे। यह सीक्वेंस फिल्म के सबसे ग्रैंड विजुअल एक्सपीरियंस में से एक होने वाला है। यही नहीं, कहानी के लिहाज से भी यह भूमिका बेहद अहम और निर्णायक होगी। बहादुर और वीर, जीवा महाला ने अफजल खान के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट सैयद बंदा के भीषण हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज को बचाने का काम किया था। रितेश देशमुख की फिल्म में यह निस्वार्थ भाव और साहस का एक प्रमुख आकर्षण होगा। फिल्म में रितेश देशमुख लीड रोल में हैं और वह पर्दे पर छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। सलमान खान के जीवा महाला और संजय दत्त के अफजल खान की भूमिका को कुछ इस तरह फिल्माया जा रहा है कि दर्शकों को भव्यता, भावनाओं का भरपूर डोज मिले। जीवा महाला और अफजल खान के बीच का यह टकराव, वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि होगी।

# 120 बहादुर का गाना 'याद आते हैं' हुआ रिलीज




मुंबई। फरहान अख्तर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म '120 बहादुर'को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का पहला गाना 'दादा किशन की जय' रिलीज हुआ था। वहीं, बुधवार को फिल्म का एक और गाना 'याद आते हैं' रिलीज हुआ है। इस गाने में जवानों और उनके घरवालों की इमोशनल कहानी साफ नजर आ रही है। फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का नया गाना 'याद आते हैं।..' रिलीज हो चुका है। इस गाने को फरहान ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'निकले थे जब हम घर से, अपने गांव से, नगर से, प्यार जो बरसे, याद आते हैं।' इस फिल्म का निर्देशन रजनीश 'राजी' घई ने किया है। इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है। यह एक युद्ध फिल्म है। फिल्म में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह और राशि खन्ना शैतान की पत्नी शगुन कंवरी सिंह की भूमिका में हैं। फिल्म रेजांग ला की लड़ाई को याद करती है, जिसे चीन-भारतीय युद्ध की प्रमुख घटनाओं में से एक माना जाता है। यह युद्ध 18 नवंबर 1962 को लड़ा गया था, जब चार्ली कंपनी के 120 सैनिक, 13 कुमाऊं रेजिमेंट पूरी तरह सेसे बनी थी। यह फिल्म 21 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## भारत की बेटियों ने आईसीसी महिला विश्व कप का खिताब किया अपने नाम

# महिला क्रिकेट पर बेस्ड ये 5 फिल्में ओटीटी पर हैं मौजूद

***नई दिल्ली।*** *आईसीसी महिला विश्व कप में भारत की बेटियों ने कमाल कर दिया। विश्व कप का खिताब अपने नाम कर उन्होंने दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया है। ऐसे में आज हम आपको 5 ऐसी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो महिला क्रिकेट पर बेस्ड है और इन सभी फिल्मों को आप घर बैठे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।*




**घूमर (2023) :** यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसे आर बाल्की द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है। इसमें शबाना आजमी, अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर और अंगद बेदी हैं। यह 18 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। वहीं, 69वें फिल्मफेयर पुरस्कारों में फिल्म को तीन नामांकन मिले, जिसमें बच्चन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और शबाना आजमी के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री शामिल थे. इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।


**दिल बोले हड़िप्पा! (2009) :** यह एक स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है और यशराज फिल्म्स के बैनरतले आदित्य चोपड़ा ने इसका निर्माण किया है। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी और शाहिद कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं, साथ ही अनुपम खेर, दलीप ताहिल, राखी सावंत और शर्लिन चोपड़ा ने भी सहायक भूमिकाएं निभाई हैं। यह कहानी एक लड़की के बारे में है, जो एक पुरुष के रूप में खुद को कंवर्ट करती है ताकि वह पुरुष क्रिकेट टीम में शामिल हो सके।




**काना (2018) :** यह तमिल भाषा की एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें सत्यराज, ऐश्वर्या राजेश और दर्शन मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि शिवकार्तिकेयन एक विस्तारित कैमियो भूमिका में दिखाई देते हैं। फिल्म का लेखन और निर्देशन अरुणराज कामराज ने किया है, जो उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। इस फिल्म को आप जी5 पर देख सकते हैं।



**शाबाश मिठू (2022) :** यह एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने और निर्माण वायकॉम18 स्टूडियो ने किया है। यह फिल्म भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की पूर्व टेस्ट और वनडे कप्तान मिताली राज के जीवन पर आधारित है, जिसमें तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।




**मिस्टर एंड मिसेज माही (2024) :** यह एक रोमांटिक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन शरण शर्मा ने और निर्माण जी स्टूडियोज और धर्मा प्रोडक्शंस ने किया है। इसमें राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म क्रिकेट पर केंद्रित है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### लालजीत बने राष्ट्रीय कांग्रेस आदिवासी में सलाहकार सदस्य



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ विधायक लालजीत राठिया को आदिवासी कांग्रेस सलाहकार समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। विधायक श्री राठिया ने कहा सभी से मिलकर आदिवासी समाज के अधिकार सम्मान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### कुकुर्दा के ग्रामीणों ने की वित्त मंत्री से मुलाकात



**रायगढ़।** रायगढ़ प्रवास के दौरान लोईंग मंडल के ग्राम कुकुर्दा में ग्रामवासियों से वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आत्मीयता से ग्रामीणों से संवाद कर उनकी बातें सुनी। भाजपा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और नित नए स्वीकृत विकास कार्यों के चलते प्रत्येक गांव में उन्नयन की गति लगातार तेज हो रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि हर गांव में विकास कार्य बिना रुकावट जारी रहे और जनता की प्रत्येक जरूरत पूरी हो।

### पटेलपाली में कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ

**पुसौर।** पटेलपाली में नायक परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन हो रहा है। शनिवार की शाम यहाँ भव्य कलश यात्रा के साथ 9 दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ हुआ। विद्वान पंडितों के मंत्रोउच्चारण के बीच पवित्र जल कलश स्थापना हुआ। इसके पश्चात जैमुरा से पधारे कथावाचक पंडित गांधी महाराज ने भागवत कथा महात्म्य के संबंध में कथा के माध्यम से बताया। व्यासपीठ पर विराजमान महाराज ने वहां उपस्थित श्रोता भक्तों को बताया कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त कष्ट व दुःख .दरिद्रता दूर होते है। अतःमनुष्य को भागवत कथा का श्रवण अवश्य रूप से करना चाहिए। कथा के साथ साथ महाराज के साथ आए कलाकारों के प्रस्तुत सुमधुर भजनों को सुनकर श्रोता भक्त मन्त्रमुग्ध हुए और पूरे कार्यक्रम का आनंद उठाया। ज्ञात रहे कि ग्राम पटेलपाली में प्रतिष्ठित हरिशंकर सुलोचना नायक व उमाशंकर नायक लक्ष्मी नायक, राकेश प्रेमा नायक, नायक परिवार द्वारा 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन गांव में किया जा रहा है।

### अमेरिका के मेयर का राउरकेला से संबंध

**राउरकेला।** इस्पात नगरी राउरकेला की धरती से जुड़ी एक गौरवशाली खबर ने पूरे देश को गर्व से भर दिया है। प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक राउरकेला में जन्मी मीरा नायर के पुत्र ज़ोहरान ममदानी ने इतिहास रचते हुए न्यूयॉर्क सिटी के सबसे युवा और पहले भारतीय.अमेरिकी मेयर का पद संभाला है। ज़ोहरान की इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने न केवल भारतीय प्रवासी समुदाय को बल्कि ओड़िशा के लोगों को भी गहरी खुशी और गर्व से भर दिया है। राउरकेला में खुशी की लहर है, क्योंकि ज़ोहरान की जड़ें इसी शहर से जुड़ी हैं। मीरा नायर, जिनका जन्म 1957 में राउरकेला में हुआ था, भारतीय सिनेमा की विश्व प्रसिद्ध फिल्मकार हैं।

## पेज 1 का शेष

### सड़कों की खराब ...

आम लोगों तक जाएंगे। आज हर व्यक्ति सड़क की बदतर हालत से परेशान है। उन आमजनों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जबकि सड़क सबको चाहिए। सड़क के बिना कुछ भी मुमकिन नहीं है। जब सड़क ही जर्जर हो तो विकास की बात सोच भी नहीं सकते हैं। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बाद भी पत्थलगांव की सभी सड़कों की हालत खराब होना सोचनीय है। सड़क के गड्ढों, जर्जर हालत, उड़ते धूल से लोग काफी परेशान हो चुके है। सड़क बनाने को लेकर सबंधित विभाग से लेकर प्रशासन पूरी तरह सुस्त है। विभाग और प्रशासन की उदासीनता के चलते हर आम आदमी अपनी जान जोखिम में डाल कर सफर कर रहा है। इसके बाद भी भाजपा की सरकार संवेदनशील नहीं दिख रही है।

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने लिया अधोसंरचना के विकास कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने आज नगर पंचायत बगीचा में नागरिक सुविधाओं, खेल अवसंरचना एवं स्वास्थ्य संस्थानों से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने इंडोर स्टेडियम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और मंगल भवन के चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने चल रहे सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अटल परिसर में सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने पेड़ों में वॉर्म लाइट लगाने, बाउंड्रीवाल में रंग-रोगन पूर्ण करने और परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परिसर नगर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, अतः इसका सौंदर्यीकरण नागरिकों को एक बेहतर वातावरण प्रदान करेगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बगीचा श्री प्रभात सिड्डाम, एसडीएम श्री प्रदीप राठिया, जनपद सीईओ श्री विनोद सिंह, निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित निर्माण एजेंसी के कर्मीगण मौजूद रहे।

मंगल भवनों से मिलेगा नया आयाम - कलेक्टर श्री व्यास ने इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन दो मंगल भवनों का भी निरीक्षण किया। इनमें से एक भवन का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है, जबकि दूसरा भवन मुख्यमंत्री घोषणा के तहत 99 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन है। जिसकी नींव खुदाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर ने श्रमबल बढ़ाकर शेष कार्य में गति लाते हुए तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन मंगल भवनों के निर्माण से आम नागरिकों को विवाह, सामाजिक कार्यक्रमों एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा, जिससे सामाजिक गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के ढांचे को मिल रही मजबूती

कलेक्टर श्री व्यास ने बगीचा में 30 बिस्तर वाले निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की समीक्षा की और अस्पताल के पंजीयन काउंटर, ओपीडी, आईपीडी, लेबर रूम, एक्स-रे कक्ष, माइनर ओटी, पार्किंग आदि की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने कहा कि यह अस्पताल बगीचा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का बड़ा केंद्र बनेगा, जिससे उन्हें उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने छत की वॉटरप्रूफिंग, पाइपलाइन व्यवस्था, टंकी की फिटिंग तथा वर्षा जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश भी दिए, ताकि भवन टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बन सके। उन्होंने कहा कि अस्पताल के बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण की जाए जिससे क्षेत्र के लोगों को बगीचा में ही बेहतर और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मिले।

### बनेगा खेल प्रतिभाओं का नया केंद्र

कलेक्टर श्री व्यास ने बगीचा शहर में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का भी अवलोकन किया। यहां दो बैडमिंटन वुडन कोर्ट तैयार किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन देखकर चेंजिंग रूम, पार्किंग और टॉयलेट की व्यवस्था का जायजा लिया तथा पर्याप्त पार्किंग की सुविधा सुनिश्चित करने कहा, जिससे भविष्य में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में सहूलियत हो। उन्होंने स्टेडियम की भूमि का सीमांकन कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह स्टेडियम जिले के खेल प्रतिभाओं के लिए अभ्यास और प्रशिक्षण का सशक्त केंद्र बनेगा तथा युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करेगा।



## मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में उद्यानिकी क्षेत्र में हुई प्रगति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में कृषि विविधीकरण और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए उद्यानिकी क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। पिछले 22 माह के दौरान जशपुर जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से फल, सब्जी, मसाला तथा संरक्षित खेती के क्षेत्रों में उल्लेखनीय विस्तार हुआ है।

जिले में कुल 1559 हेक्टेयर क्षेत्र की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे 2628 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। इन प्रयासों से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है, बल्कि जशपुर ने आत्मनिर्भर कृषि मॉडल की दिशा में एक ठोस और प्रेरणादायक कदम बढ़ाया है। फल क्षेत्र विस्तार- राज्य पोषित एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनांतर्गत विगत 22 माह में फल उत्पादन हेतु 550 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार किया गया है। जिसमें आम 350 हेक्टयर में, नाशपाती 100 हेक्टयर में और लीची 100 हेक्टयर में उत्पादित किया जा रहा है। इससे 957 किसान लाभान्वित हुए हैं। फल क्षेत्र के विस्तार से जिले के किसानों को दीर्घकालिक आय का स्थायी स्त्रोत प्राप्त हुआ है। सब्जी क्षेत्र विस्तार- राज्य पोषित एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत विगत 22 माह में सब्जी उत्पादन हेतु 938 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार हुआ है। इसमें टमाटर 130 हेक्टयर में, भिंडी 500 हेक्टयर में, लौकी 125 हेक्टयर में, करेला 50 हेक्टयर में और आलू 83 हेक्टयर में उत्पादित किया का रहा है।। जिसका लाभ 1432 किसानों को मिला है। इससे जिले में सब्जी उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण बाजारों में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ी हैं।

- संरक्षित खेती को भी मिल रहा है बढ़ावा

मसाला क्षेत्र विस्तार- राज्य पोषित एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत विगत 22 माह में मसाला उत्पादन के क्षेत्र में भी जिले में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जिले में मसाला उत्पादन हेतु 71 हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार किया गया है। जिसमें धनिया 40 हेक्टयर में, अदरक 16 हेक्टयर में और हल्दी 15 हेक्टयर क्षेत्र में उत्पादित किया जा रहा है। इससे 164 किसान लाभान्वित हुए हैं। मसाला फसलों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह किसानों के लिए आय का नया मार्ग बना है। संरक्षित खेती- राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत जिले में संरक्षित खेती को भी प्रोत्साहन मिला है।

## तेज रफ्तार पिकअप ने सायकल सवार बच्चे को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकट्टा में विकास विश्वकर्मा उम्र 10 वर्ष पिता विजेंदर विश्वकर्मा को पत्थलगांव की ओर से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी तेज थी कि विकास विश्वकर्मा सड़क से दूर छिटक गया और मौके से अज्ञात पिकअप चालक फरार हो गया है।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि पिकअप द्वारा बच्चे को ठोकर मारते ही तेज रफ्तार में वाहन वहां से फरार हो गया। घायल बच्चे को परिजनों ने तमता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल बच्चे को पत्थलगांव रिफर कर दिया गया है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सक डॉ प्रवीण किंडो ने बताया कि बच्चे को सिर और घुटने में ज्यादा चोटें आईं हैं और इन्हें बेहतर उपचार के लिए 108 वाहन के माध्यम से पत्थलगांव रिफर कर दिया गया है। वहीं गुरुवार तमता साप्ताहिक बाजार होने के कारण एंबुलेंस को अस्पताल तक पहुंचने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यहां साप्ताहिक बाजार के दिन अस्पताल के सामने ही दुकान लगा दिया जाता है और एमरजेंसी में वाहन अस्पताल तक नहीं पहुंच पाता है। कई दुकान वालों को यहां अस्पताल के सामने दुकान न लगाने की समझाइश दी गई परन्तु नहीं मानते हैं। ग्रामीणों ने भी अस्पताल के सामने दुकान या मोटर सायकिल खड़े करने वालों का कई बार विरोध किया गया पर किसी की बात नहीं सुनते। ऐसे में बात न मानने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### शहर में मनेगी वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ

**राउरकेला।** भारतीय जनता पार्टी राउरकेला संगठनात्मक जिला की ओर से वंदे मातरम राष्ट्रगीत की 150वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारियों को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सभानेत्री ने की। बैठक में बताया गया कि पूरे देश में इस ऐतिहासिक अवसर पर 150 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ओडिशा के पाँच स्थान शामिल हैं। राउरकेला को भी इनमें से एक स्थल के रूप में चुना गया है। राउरकेला में यह कार्यक्रम आगामी 7 नवम्बर को प्रातः 10ः 30 बजे, अंबागान चौक स्थित गुंडीचा मंदिर चौक पर आयोजित होगा। इस अवसर पर केवल भारत माता की तस्वीर और राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज रखा जाएगा।

## कृषि उत्पाद की मार्केटिंग कर आगे बढ़ रहे किसान

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत क्यू आर आधारित मार्केटिंग की शुरुवात की गई है जिसमे जिले के उत्पाद को देश में पहचान मिलने के साथ ही किसानो की आय में वृद्धि हो रही है। जिले में कृषि विविधता की अपार संभावनाएं है किन्तु दूरस्थ वनांचल जिला होने और महानगरों से दूरी के कारण किसान अपने उत्पाद को उचित मूल्य पर विक्रय करने पर कठिनाइया होती थी। इस अभियान के तहत जिले के 780 किसानो के विभिन्न उत्पादों का पंजीयन पूर्ण हो चूका है। किसानो के रिटेल मार्केटिंग को आसान बनाने के लिए प्रत्येक किसान के उत्पादों का विशेष क्यू आर निर्मित किया गया है। जिले के किसान स्वयं से जिला प्रशासन से संपर्क कर लाभ पर अवगत करा रहे है।

- कुछ ही महीनो में काजू से की लाखों की कमाई

### बैंगलोर तक हो रहा व्यापार

दुलदुला के काजू की मांग अब देश के कई हिस्सों में हो रही है, अभियान अंतर्गत जिले के काजू उत्पादक किसान का क्यू आर निर्मित किया गया था पूर्व में काजू का विक्रय स्थानीय बाजार में किया जाता था अभियान में इन किसानों को डिजिटल मार्किट से जोड़ा गया है जिससे ऑनलाइन डिमांड देश के विभिन्न कोने से हो रही है वर्तमान में 200 किलो से अधिक काजू का व्यापर महानगरों में किया गया है।

### प्रति दिन 2 किलो शहद का व्यापार

जिले के दूरस्थ वन आंचल क्षेत्र की महिला किसान कुमारी बबली ने जिला प्रशासन से संपर्क कर बताया की पहले शहद का उत्पादन कर स्थानीय मार्किट पर व्यापर करती थी किन्तु वर्तमान में रिटेल क्यू आर के आधार पर अब वो प्रति दिवस दो किलो शहद का व्यापर करती है और शहद उत्पादन करने मधुमक्की पालन का कार्य व्यापक रूप पर कर इसे आगे बढ़ाना चाहती है जो की और महिलाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में सामने आया है।

## सन्ना क्षेत्र के लोगों को मिलेगा घर के पास ही राजस्व न्याय

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार अब अनुविभाग बगीचा अंतर्गत तहसील सन्ना में प्रत्येक बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा द्वारा लिंक कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस व्यवस्था से सन्ना क्षेत्र के लोगों को अब अपने राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु बगीचा या अन्य स्थानों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

इस लिंक कोर्ट में तहसील सन्ना के 18 पटवारी हल्कों से संबंधित राजस्व प्रकरणों अपील मामलों, धारा 145 के प्रकरणों, सीमांकन, नामांतरण एवं अन्य राजस्व विषयों की सुनवाई की जाएगी। न्यायिक एवं प्रशासनिक सुविधा को जनता तक पहुंचाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीणों को अब स्थानीय स्तर पर ही त्वरित न्याय मिल सकेगा। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा है कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी उद्देश्य से सन्ना जैसे दूरस्थ क्षेत्र में यह पहल शुरू की जा रही है, ताकि लोगों को समय, धन और श्रम की बचत हो सके। लिंक कोर्ट की शुरुआत से न केवल ग्रामीणों की परेशानियां कम होंगी बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी।

- सन्ना में अब हर बुधवार लगेगा एसडीएम लिंक कोर्ट

इस व्यवस्था के तहत हर बुधवार को निर्धारित समय पर अधिकारी सन्ना में बैठकर विभिन्न प्रकार के राजस्व मामलों की सुनवाई करेंगे और मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे। यह पहल वास्तव में जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम है। इससे वर्षों से लंबित प्रकरणों का समाधान शीघ्र होगा और लोगों को अपने क्षेत्र में ही न्याय सुलभ होगा।

### आदिवासी युवाओं की छिपी प्रतिभा को मिला मंच

**राउरकेला।** धरती आबा एवं आदिवासी समुदाय के महानायक शहीद बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती 15 नवंबर को देशभर में भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसी अवसर पर रघुनाथपल्ली विधायक दुर्गा चरण तांती के संरक्षण में सुंदरगढ़ जिले के आदिवासी समुदाय द्वारा इस्पात नगर के सेक्टर.13 स्थित मेलेन पाड़िया में एक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के तहत मंगलवार को स्थानीय राउरकेला क्लब परिसर में आदिवासी युवक.युवतियों की प्रतिभा चयन के लिए एक आकर्षक रैंप शो आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने लानाए उन्हें आधुनिक कौशल से परिचित कराना तथा मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन रघुनाथपाली विधायक की धर्मपत्नी सुचित्रा तांती ने किया। निर्णायक मंडल में कई गणमान्य शामिल रहीं।

## रात ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और नर्स नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिला पंचायत सीईओ अभिजीत पठारे ने खरसिया ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चपले का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण सोमवार को रात करीब 8 बजे किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं और लापरवाही सामने आई। निरीक्षण के समय ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स श्रीमती आरती नगेसिया एवं डॉ. सीएस डनसेना अस्पताल से अनुपस्थित पाए गए। दोनों के अनुपस्थित रहने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की अत्यधिक कमी, मरीजों को बेडशीट और कंबल की अनुपलब्धता, तथा मच्छरों से बचाव के लिए कोई समुचित व्यवस्था न होना जैसी गंभीर लापरवाहियां पाई गईं। इसके अतिरिक्त स्टोर, ड्रेसिंग रूम एवं विभिन्न चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई। सीईओ ने तत्काल संबंधित प्रभारी को सभी कक्षों की साफ-सफाई कर व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अस्पताल परिसर में दो एम्बुलेंस खड़ी मिलीं, किन्तु दोनों वाहनों के चालक अनुपस्थित थे। सीईओ ने इस पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील सेवा में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी.कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन का परिचय देना चाहिएए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें।

### मांगों को लेकर शिक्षक संघों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बिलाईगढ़।** अधिकारी कर्मचारियों ने देय तिथि से महंगाई भत्ता एवं 2017 से लम्बित डीएडीआर की एरियर्स राशि के भुगतान की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शासन के समस्त कर्मचारी-अधिकारी संगठनों की ओर से एक मंच.एक मांग के तहत छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ जिला इकाई सारंगढ़-बिलाईगढ़ ने हस्ताक्षर अभियान चलाया । संघ के बैनर तले प्रांतीय सचिव नरेन्द्र साहू एवं जिलाध्यक्ष कामता साहू के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर जिला. सारंगढ़ बिलाईगढ़ को मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम से ज्ञापन सौंपा एवं अतिरिक्त कलेक्टर एसके टण्डन से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने डीईओ से भी मुलाकात किया और ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र रॉय, ब्लॉक इकाई बिलाईगढ़ सचिव दरसराम राजेत्री सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## संस्कार स्कूल को मिला मुंबई में इंडियन टैलेंट अवार्ड



**रायगढ़।** शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल को मुंबई के विष्णुदास भावे नाट्य शाला में हुए आईटीओ सम्मान समारोह में देश की प्रथम महिला आईपीएस किरण बेदी एवं ऑलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट साइना नेहवाल के हाथो से सम्मान प्राप्त हुआ।

संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि देशभर के 100 से अधिक स्कूलों के प्राचार्य व डायरेक्टर मुंबई पहुंचे थे। जहां सभी का सम्मान किया गया। इसके अलावा रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार स्कूल की ओर से प्राचार्या रश्मि शर्मा के साथ.साथ संस्कार स्कूल के ही शिक्षक सुबोध कुमार पांडे को भी टीचर्स आवार्ड से सम्मानित किया गया। मार्ग दर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, कैरियर निर्माण के लिए दिशा दिखाने, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम करवाने, ओलंपियाड में भागीदारी करवाने आदि के लिए संस्कार स्कूल की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा को बेस्ट प्रिंसिपल का अवार्ड दिया गया। साथ ही साथ शिक्षक के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए संस्कार स्कूल के शिक्षक सुबोध पांडे को भी पुरस्कार से नवाजा गया। प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बातचीत करने पर बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल को आगे बढ़ाने में बच्चों में व्यक्तित्व विकास करने में बेहतर रिजल्ट लाने में खेलकूद व अन्य गतिविधियों में पूरे जिले में अव्वल रहने में आदि के लिए हमारे मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा के विजन तथा मार्गदर्शन का अहम रोल है।



